तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025

12 लड़कों की कबड्डी स्पर्धा में बराड़ा की टीम बनी चैंपियन



12 एलडीसी मामले में बिजली कर्मचारियों ने की नारेबाजी



## खबर संक्षेप

### देसी कट्टा सहित युवक गिरफ्तार, जेल भेजा

**अंबाला।** थाना पड़ाव के हुडा आशियाना सेक्टर-34 के पास से अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी रोहित कुमार उर्फ लाला को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने एक देशी कट्टा व जिंदा रौंद भी जब्त किया है। आरोपी को अदालत ने जेल भेज दिया है। सीआईए-2 के निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि 20 अगस्त 2025 को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार लेकर आशियाना सैक्टर-34 के पास घूम रहा है। वह किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरांत सीआईए-2 ने रेड कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उससे अवैध हथियार जब्त किया गया।

### फायरिंग करने का आरोपी रिमांड पर

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज फायरिंग करने व जान से मारने का प्रयास करने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी मनदीप को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया है। मानकपुर के वितेश कुमार ने 11 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने कॉलेज रोड पर उस के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### स्नैचिंग के मामले में दो काबू, रिमांड पर लिए

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी शिवम उर्फ कर्ण व चिराग को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों से छीना गया मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। घास मंडी एरिया के रहने वाले धीरेंद्र कुमार ने 1 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 मई 2025 को तंदूरा बाजार के पास से मोटरसाइकिल सवार दो आरोपियों ने उससे मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### नौकरी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण

**यमुनानगर।** यमुनानगर के फरकपुर क्षेत्र स्थित बने डेरे में नौकरी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। आरोप कवरपाल ब्रहाचारी पर लगा है। उत्तर प्रदेश निवासी 24 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि कवरपाल ब्रहमचारी ने फरकपुर क्षेत्र में डेरा बनाया हुआ है। वहां पर उसका आना जाना था। युवती ने बताया कि गत 13 जून को वह डेरे पर आई हुई थी। जहां पर उसे कवरपाल ब्रहमचारी मिले। आरोपी ने उसे नौकरी लगवाने का झांसा देकर उसके साथ यौन शोषण किया। आरोपी ने उसे इस बारे किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। परेशान होकर उसने घटना के बारे परिजनों को बताया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

## शाहबाद में बरसाती पानी से आधा दर्जन गांव प्रभावित

### उपायुक्त ने पानी प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर ग्रामीणों से समाधान के लिए मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ अधिकारियों को 24 घंटे निगरानी रखने के दिए निर्देश

शाहबाद में आधा दर्जन गांव पानी से प्रभावित हुए हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने वीरवार को शाहबाद के जलभराव से प्रभावित करीब आधा दर्जन गांव का दौरा किया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि शाहबाद में हर वर्ष बरसाती पानी से करीब आधा दर्जन गांव प्रभावित हो रहे हैं।

सर्वे के अनुसार सामने आया है कि गुमटी में 225 एकड़, मलिकपुर 175 एकड़, पट्टी झामड़ा में 200 एकड़, मदनपुर में 250 एकड़, कठवा में 750 एकड़, तंगौर में 1300 एकड़, मुगल माजरा में 400 एकड़, बीबीपुर में 100 एकड़, शहजादपुर पट्टी में 60 एकड़, राम नगर में 100 एकड़, कांकड़ा शाहाबाद में 400 एकड़, कलसाना में 300 एकड़, मोहनपुर में 50 एकड़, सुलखनी में 120 एकड़ फसल मारकंडा के पानी की चपेट में आई है। इन गांवों के मौजिज लोगों और अधिकारियों से नियमित समाधान करने के लिए सुझाव लिए गए है।



कुरुक्षेत्र। पानी से प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते उपायुक्त श्रवण कुमार मीणा।

#### जल्द ही ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला जाएगा

उपायुक्त ने कहा कि पिछले कई वर्षों से बरसात के कारण शाहबाद के विभिन्न गांव में जल भराव हो जाता है इससे जहां फसल का खराबा होता है वहीं लोगों को भी समस्या का सामना करना पडता है। इस लिए इस गंभीर विषय को लेकर ग्रामीण व अधिकारियों से सुझाव लिए गए है इन सुझाव के आधार पर जल भराव को लेकर प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसकी बकायदा डीपीआर तैयार की जाएगी और प्रस्ताव को सरकार के पास भेजा जाएगा ताकि हर वर्ष फ्लड कंट्रोल की होने वाली बैठक में प्रस्ताव को रखा जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार जल्द ही ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला जाएगा ताकि किसान खराब हुई फसल का डाटा पोर्टल पर अपलोड कर सके। इसके बाद नुकसान का आंकलन करने के लिए गिरदावरी की जाएगी और सरकार के नॉर्मस के अनुसार किसानों को मुआवजा मिल सके।

इन सुझावों के आधार पर जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान निकाला जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा और डीपीआर बनाकर अंतिम अनुमति के लिए प्रस्ताव को सरकार के पास भेजा जाएगा। अहम पहलू यह है कि इस क्षेत्र के किसानों की खराब फसल को लेकर जल्द ही ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से ही किसानों की खराब हुई फसल का डाटा तैयार हो पाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने गांव कलसाना, गुमटी, मलिकपुर, कठवा,मुगल माजरा, तंगौर सहित अन्य गांव में जलभराव का निरीक्षण करके ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। इसके साथ ही गांव के मौजिज और सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जलभराव की समस्या को स्थाई रूप से निजात दिलवाने के लिए सुझाव भी मांगे तथा लोगों ने कई अच्छे सुझाव भी दिए है। अधिकारियों को 24 घंटे निगरानी रखने और लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए निर्देश दिए गए है सभी अधिकारियों की प्राथमिकता रहनी चाहिए कि किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना आए और सूचना मिलते ही तमाम आवश्यक प्रबंध किए जाए। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने कहा कि सरकार की तरफ से जल्द ही पोर्टल खोला जाएगा ताकि किसानों को खराब फसल का नियमानुसार मुआवजा दिया जा सके।

#### हेल्पलाइन नंबर जारी किए

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि उपमंडल शाहबाद में बरसाती पानी व आपातकालीन स्थिति के मद्देनजर जनहित को जहन में रखते हुए उपमंडल शाहबाद के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए है। इनमें तहसील शाहबाद से फील्ड कानूनगो नवीन कुमार (8295550002), तहसील शाहबाद से आफिस कानूनगो (9812646467) और उपमंडल नागरिक शाहबाद कार्यालय के स्टैनो सुनील कुमार (9017535006) शामिल है। शाहबाद के कई गांव में भारी बारिश से उत्पन्न जलभराव की स्थिति को देखते हुए आगामी आदेशों तक 24 घंटे के लिए रोस्टर ड्यूटी भी लगाई गई है। इस डयूटी के अनुसार गांव मलिकपुर, गुमटी और बाजीगर कॉलोनी के लिए सुबह 7 बजे से लेकर सायं 3 बजे तक दर्शन सिंह (8708266540),सायं 3 बजे से रात्रि 11 बजे तक स्वर्णजीत (7015248271) व रात्रि 11 बजे से लेकर सुबह 7 बजे तक प्रिंस (9034914337) की ड्यूटी रहेगी। मदनपुर गांव के लिए सुबह 7 बजे से सायं 3 बजे तक प्रिंस(9034914337), सायं 3 बजे से रात्रि 11 बजे तक जतिन चावला (9034892178), रात्रि 11 बजे से लेकर सुबह 7 बजे तक अरुण (9138218785) की ड्यूटी लगाई गई है। गांव तंगौर, कठवा व मुगल माजरा के लिए सुबह 7 बजे से सायं 3 बजे तक नीरज (9466830004), सायं 3 बजे से रात्रि 11 बजे तक मुकेश सैनी (9050280003)व रात्रि 11 बजे से लेकर सुबह 7 बजे तक आशीष सपरा(9729987012) की ड्यूटी लगाई है। सभी पटवारियों को आदेश दिए गए है कि 24 घंटे अपने रोस्टर ड्यूटी के अनुसार बरसाती पानी से सम्बन्धित विषय पर पूरी नजर रखेंगे और पल पल की जानकारी प्रशासन को देना सुनिश्चित करेंगे।

## ब्लाइंड मर्डर की सुलझी गुत्थी, तीन गिरफ्तार




शहजादपुर। युवक की हत्या में पकड़े गए बदमाश।

■ लूट की नीयत से हत्या करने का आरोप, उत्तराखंड के सीएम ले रहे थे हत्या के मामले की अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

उत्तराखंड के युवक साहिल बिष्ट की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने तीन बदमाशों को काबू किया है। आरोपियों ने यह बात स्वीकार की है कि लूट की नीयत से यह हत्या हुई है। उत्तराखंड के सीएम लगातार हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से इस हत्या के मामले में अपडेट ले रहे थे। उन्होंने सीएम नायब सैनी से हत्या में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आग्रह किया था।

सीआईए वन के इंस्पेक्टर हरजिंद्र सिंह ने बताया कि शहजादपुर में एक ढाबे पर काम करने वाले साहिल बिष्ट की हत्या लूट की नीयत से हुई थी। इस मामले में पकड़े गए आरोपी विकास उर्फ गामा व सागर ये अपराध कबूल किया है। दोनों आरोपियों को 5 दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में आरोपी राहुल व एक अन्य भी संलिप्त है। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी राहुल को भी काबू कर लिया है। अभी हत्या में संलिप्त चौथा आरोपी फरार चल रहा है। आरोपी राहुल को भी पुलिस ने चार दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपियों से अब पुलिस हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार बरामद करने का प्रयास कर रही है।

#### यह है मामला

बता दें कि 13 अगस्त 2025 को साहिल बिष्ट की तब बाइक सवार युवकों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी जब वह ढाबे पर काम खत्म कर किराये के कमरे पर जा रहा था। ढाबे के मैनेजर पंकज कुमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी कि दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए चार आरोपियों टिहरी गढ़वाल के रहने वाले साहिल से पैसे छीनने का प्रयास किया था। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी चाकू मार कर हत्या कर दी। जख्मी हालत में साहिल खून से लथपथ होकर ढाबे पर आया था। यहां आने के बाद वह बेहोश होकर गिर गया। उसे तुरंत नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। हालत गंभीर होने के कारण उसे पीजीआई रेफर किया गया। वहां उसकी मौत हो गई।

## रविदास मंदिर से झंडा उतार लगाया बालाजी का ध्वज, चार नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ थाना व्यासपुर क्षेत्र के गांव भील छप्पर का मामला

■ आरोपियों पर जाति सूचक शब्द बोलने का भी आरोप

थाना व्यासपुर क्षेत्र के गांव भील छप्पर में एक युवक ने गुरु रविदास मंदिर के ऊपर लगे झंडे को उतारकर जमीन पर फेंक दिया और उसके स्थान पर बालाजी का ध्वज लगा दिया। लोगों के विरोध करने पर आरोपी युवक ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ जाति सूचक शब्द बोले। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव भील छप्पर निवासी नीरज कुमार ने बताया कि बुधवार दोपहर वह गांव में दोस्त अभिषेक के साथ उसके घर पर था। तभी पास में स्थित गुरु रविदास मंदिर में देखा कि गांव का कमल राणा मंदिर पर लगे महापुरुष के झंडे को उतार रहा है। यह देखकर वह अभिषेक के साथ मंदिर में गया। जब उसने कमल की इस हरकत का विरोध किया तो उसने मंदिर से उतारे झंडे को जमीन पर फेंक दिया और उसके स्थान पर बालाजी का झंडा लगा दिया। इस बात को लेकर उसकी कमल के साथ बहस हो गई। शोर सुनकर जब समाज के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो वहां सतपाल, सन्नी व रणदीप भी आ गए। कमल व तीनों आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौच कर जातिसूचक शब्द कहे। इसके बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

#### पुलिस में मामला दर्ज

उधर, थाना व्यासपुर से जांच अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## कुवि ने घोषित किए 26 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि मई 2025 में आयोजित बीएएमएस तृतीय सेमेस्टर (री), विधि (प्रोफेशनल) छठा सेमेस्टर, बी.वोक. बीएफएसआई छठा सेमेस्टर, बी.वोक. फैशन टेक. छठा सेमेस्टर, बीएफएडी द्वितीय एवं छठा सेमेस्टर (गैर-सीबीसीएस), एम.ए. (मनोविज्ञान) द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (गैर-सीबीसीएस), एमटीटीएम चतुर्थ सेमेस्टर, एम.कॉम चतुर्थ सेमेस्टर (सीबीसीएस), एम.एससी. (तकनीकी) अनुप्रयुक्त भूभौतिकी द्वितीय सेमेस्टर, एम.एससी. (बायो-टेक) सीबीसीएस, दसवां सेमेस्टर, एम.ए. (हिंदी) चौथा सेमेस्टर, बी.ए.एल.एल.बी. (ऑनर्स) दसवां सेमेस्टर, एम.टेक. (अनुप्रयुक्त भूविज्ञान) आठवां सेमेस्टर, एमपीए, चौथा सेमेस्टर (एनईपी), बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) चतुर्थ सेमेस्टर, शारीरिक शिक्षा में डिप्लोमा द्वितीय सेमेस्टर, विशारद में डिप्लोमा भाग-1, विशारद में डिप्लोमा भाग-2, एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर (एसएफएस) सीबीसीएस, फ्रेंच में डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम सेमेस्टर, एमबीए द्वितीय सेमेस्टर सीबीसीएस,. एम.ए. (एआईएच) द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी जैव-रसायन विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर (आईयूएमएस) परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

## किसान कुरुक्षेत्र में सीएम आवास का एक सितंबर को करेंगे घेराव



**करनाल।** हरियाणा के किसान एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरने की तैयारी में हैं। हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आगामी 1 सितंबर को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। आंदोलन को सफल बनाने के लिए करनाल जिले से अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने रणनीति बना ली है। प्रदेश प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने बताया कि आंदोलन को लेकर जिला प्रधान छत्रपाल सिंधड़, सुखविंदर सिंह झब्बर, अमृतपाल बुग्गा सहित कई यूनियन नेताओं की टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें गांव-गांव जाकर किसानों को संगठित कर रही हैं। मर्दनखेड़ा, मुंड, रतक, झीडा और दनौली समेत कई गांवों में बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों से एक सितंबर को कुरुक्षेत्र पहुंचने का आह्वान किया गया। प्रवक्ता बहादुर मेहला ने कहा कि "सरकार पर दबाव बनाकर ही किसानों की मांगें लागू करवाई जा सकती हैं। करनाल जिले के प्रत्येक गांव से किसान आंदोलन में शामिल होंगे।

## भाई ने ही की थी बहन की हत्या, दोनों आरोपी गिरफ्तार

इंद्री (करनाल)। इंद्री के गांव उमरपुर के पास बुधवार सुबह मिले लड़की के शव का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। मृतक लड़की कुशलम उम्र लगभग बीस साल को उसके भाई रिहान व मौसी के लड़के फरमान ने ही गला घोंटकर मारा था। लड़की के भाई व मौसी के लड़के को इंद्री न्यायालय में पेश किया गया जहां आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। इस मामले में इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम व थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि जांच के दौरान लडकी की जेब से एक पर्ची मिली थी जिस पर दो मोबाइल नंबर लिखे हुए थे जिनके आधार पर लडकी की पहचान यूपी के कैराना क्षेत्र की रहने वाली के रूप में हुई थी। मोबाइल नंबरों के आधार पर पुलिस ने लडकी के भाई व उसके मोसी के लडके को गिरफ्तार किया है। पूछताछ मे लडकी के भाई ने माना कि उसने ही अपनी बहन को गला गोट कर मारा है। उन्होने बताया कि लडकी शादीशुदा थी और उसका भाई रिहान अपनी बहन के चरित्र पर शक करता था जिसके चलते उसको कई बार समझाया बुझाया गया लेकिन लड़की नहीं मानी तो इस बात से खफा होकर उसके भाई ने अपने मौसेरे भाई की मदद से मार कर उसके शव को कैंटर में डालकर इंद्री के गांव उमरपुर के पास सडक किनारे फेंक दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस को दोनों का दो दिन का पुलिस रिमांड मिला है। इस दौरान बाकी जानकारी इन दोनों आरोपियों से ली जाएगी।



इंद्री। कोर्ट मे आरोपियों को पेश करने के लिए ले जाती पुलिस।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ व्यासपुर के गांव दरियापुर के पास हुआ हादसा

व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर के पास बाइक की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी अनुसार गांव कपूरी खुर्द निवासी निशांत रिषी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 35 वर्षीय गगन 19 अगस्त को काम पर गया था। रात पौने नौ बजे जब वह वापस घर लौट रहा था तो गांव दरियापुर के पास तेज गति से बाइक लेकर आ रहे व्यक्ति ने गगन को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गगन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद आरोपी बाइक चालक कुछ देर मौके पर रूकने के बाद वहां से फरार हो गया। राहगिरों ने खून से लथपथ हालत में गगन को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने किया कुरुक्षेत्र के तीर्थ और

## गीता के उपदेश विश्व को दे रहे शांति का संदेश

■ कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर में स्नान कर कमा सकते हैं पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामले राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश विश्व भर को शांति का संदेश दे रहे हैं। इस पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक है।

इन उपदेशों का अनुसरण करके मनुष्य अपने जीवन को धन्य बना सकता है। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू वीरवार को देर सायं बातचीत कर रहे थे। केन्द्रीय राज्य मंत्री का पिपली पैराकिट पहुंचने पर जिला नगर आयुक्त अमन कुमार ने स्वागत किया और केन्द्रीय राज्यमंत्री ने पिपली पैराकिट में अधिकारियों से बातचीत कर केन्द्रीय सरकार की योजनाओं के बारे में फीडबैक ली। इसके उपरांत केन्द्रीय राज्य मंत्री ने भद्रकाली मंदिर में माथा टेका और पीठाधीश्वर पंडित सतपाल शर्मा ने मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना करवाई। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद ब्रह्मसरोवर और गीता स्थली ज्योतिसर का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर हजारों वर्ष पूर्व भगवान श्री कृष्ण ने गीता के उपदेश देकर कर्म करने का संदेश दिया। यह सौभाग्य है कि आज उसी पावन धरा कुरुक्षेत्र को देखने का अवसर मिला है।



#### उपदेशों को अपने जीवन में धारण करना चाहिए

उन्होंने कहा कि इस पावन धरा पर देश के हर नागरिक को पहुंच कर पवित्र ग्रंथ गीता स्थली के स्थल को देखना चाहिए और उपदेशों को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। इस पावन धरा के ब्रह्मसरोवर, बाण गंगा और ज्योतिसर जैसे तीर्थों में स्नान करके पुण्य की प्राप्ति की जा सकती है। इस पावन धरा पर पूरे देश के नागरिकों की खुशहाली और तरक्की के लिए कामना करने आए है। इस पावन धरा से पवित्र ग्रंथ गीता का ज्ञान लेकर हर व्यक्ति को अपने जीवन को धन्य बनाना चाहिए। इस पवित्र धरा को पर्यटन और सांस्कृतिक दृष्टि से सरकार विकसित करने का काम कर रही है।

## कोर्ट की अवहेलना पर घरौंडा एसडीएम की सरकारी गाड़ी जब्त

**करनाल।** गुरुवार को एक बड़ा प्रशासनिक घटनाक्रम सामने आया, जब कोर्ट आदेशों की अवहेलना करने के मामले में घरौंडा के एसडीएम राजेश सोनी की सरकारी गाड़ी को जब्त कर लिया गया।

गांव कालरो निवासी बलबीर सिंह ने तहसीलदार और पटवारी के खिलाफ कोर्ट में केस दायर किया था। कोर्ट ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे, लेकिन उनकी पालना नहीं की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि तहसीलदार और पटवारी ने जानबूझकर आदेशों की अनदेखी की। इस पर कोर्ट ने एसडीएम की सरकारी गाड़ी जब्त करने का आदेश जारी किया। आदेश मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

## अमेरिका भेजने के नाम पर युवक से ठगे 18 लाख रुपये

■ ग्लोबल इंफोटेक की संचालिका समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के पृथ्वी नगर निवासी हरदीप सिंह को अमेरिका भेजने के नाम पर उससे 18 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप ग्लोबल इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड की संचालिका रमनदीप कौर, पति अजीतपाल, बेटे तरणप्रीत व बेटी जसमीत कौर पर लगा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

हरदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12 वीं कक्षा की पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इसी सिलसिले में वह गत 11 मार्च को ग्लोबल इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड के दफ्तर पहुंचा। यहां उसकी मुलाकात फर्म की प्रोपराइटर रमनदीप कौर से हुई। जिसने बताया कि उनकी फर्म युवाओं को वर्क वीजा पर भेजते हैं। वह उनकी बातों में आ गया। इसके बाद आरोपियों ने उसे अमेरिका भेजने के नाम पर अलग-अलग कर मेडिकल तो कभी प्रोसेसिंग फीस व अन्य खर्चों के नाम पर उन्हें 18 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे न तो अमेरिका भेजा और न ही उसकी राशि लौटाई। जब उसने आरोपियों से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया तो आरोपियों का फोन बंद आया।

## खबर संक्षेप

### रेलवे की लेटलतीफी से यात्री परेशान: जयपाल



**करनाल।** रेलवे बोर्ड दिल्ली मंडल की सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य जयपाल पुनिया ने करनाल रेलवे स्टेशन पर लगातार हो रही ट्रेनों की देरी को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीनों से लगभग सभी रेलगाड़ियां – चाहे पैसेंजर हों या सुपरफास्ट एक्सप्रेस – समय से काफी देरी से चल रही हैं।

करनाल से रोजाना एक हजार से ज्यादा यात्री सफर करते हैं, जिनमें पानीपत और दिल्ली जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक है। पुनिया ने कहा कि इससे आम यात्रियों के साथ-साथ व्यापारियों को भी भारी दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हरियाणा व करनाल सांसद से मांग की कि इस समस्या को केंद्र सरकार और रेल मंत्रालय के संज्ञान में लाया जाए और समाधान करवाया जाए।

उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार लग्जरी ट्रेनों के संचालन से पहले मौजूदा ट्रेनों के समय पालन पर ध्यान दे और करनाल स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों का ठहराव भी सुनिश्चित करे, ताकि त्योहारों के सीजन में यात्रियों को राहत मिल सके।



### नगर निगम बैठक में लिए कई अहम फैसले

**करनाल।** उप नगर आयुक्त अभय सिंह की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में यह सहमति बनी कि लगभग 625 बेसहारा गौवंश को विभिन्न गौशालाओं में स्थानांतरित किया जाएगा। बैठक में गौसेवा आयोग के सदस्य कुलबीर खरब, गौशाला संचालक गोपाल स्वामी, जिला की गौशालाओं के प्रधान-प्रतिनिधि, पशुपालन विभाग के एसडीओ रूपेंद्र, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेंद्र चोपड़ा और सहायक निरीक्षक प्रवेश कुमार मौजूद रहे। उप नगर आयुक्त ने बताया कि 1 अगस्त से 31 अगस्त तक प्रदेशभर में बेसहारा गौवंश पकड़ने का विशेष अभियान चल रहा है। अब तक नगर निगम करनाल क्षेत्र से 185 गौवंश को फूसगढ़ स्थित गौशाला व नंदीशाला में भेजा गया है। लेकिन क्षमता पूरी हो जाने के कारण अब अन्य गौशालाओं का सहयोग लिया

### महिलाओ के लिए जल्द खुलेगा सिलाई सेंटर

**घरौंडा।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के समाज कल्याण दल ने शहर में सिलाई सेंटर खोलने की तैयारी कर ली है। समाज कल्याण दल के प्रधान श्याम सुंदर की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व नशा मुक्ति पर दल अब अपना पूरा फोकस रखेगा। दल के प्रधान श्याम सुंदर ने बताया कि दल अभी तक एक हजार से ज्यादा महिलाओं को सिलाई व ब्यूटी पार्लर के कोर्स करवा चुका है। उन्होंने कहा कि अब महिलाओं की सुविधा के लिए दल ने सिलाई सेंटर खोलने की तैयारी कर ली है। शीघ्र ही महिलाओं के सेंटर खोला जाएगा। नशे काफी हद बढ़ता जा रहा है। हालांकि प्रदेश सरकार ने भी नशे के रोकथाम के लिए पूरे प्रदेश में मुहिम चलाई हुई है।

## वाटर सप्लाई, सीवरेज क्लीनिंग व प्रॉपर्टी आईडी जैसी शिकायतों का करें हल

# निगमायुक्त जन शिकायतों को लेकर अफसरों के साथ की समीक्षा बैठक

### शिकायतों को गम्भीरता से लेने के अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने गुरूवार को सीएम विंडो, समाधान शिविर, जन संवाद, सोशल मीडिया ग्रीवेंस ट्रैकर (एस.एम.जी.टी.) तथा केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सी.पी.जी.आर.ए.एम.एस.) पोर्टल पर आई मांगों एवं शिकायतों को लेकर की गई समीक्षा बैठक में निगम अधिकारियों एवं अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे अपनी-अपनी शाखा से सम्बंधित उक्त पोर्टल पर आई मांगों व शिकायतों को गम्भीरता लेकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति, सीवरेज क्लीनिंग, साफ-सफाई तथा प्रॉपर्टी आई.डी. जैसी शिकायतों पर अधिकारी त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं को लेकर नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। जिन शाखाओं में ज्यादा शिकायतें हैं, उनके निपटान के लिए उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को साप्ताहिक लक्ष्य दिया। लक्ष्य को पूरा कर उसकी रिपोर्ट सौंपी जाए। अगर वह लक्ष्य पूरा नहीं करेंगे, तो कार्रवाई की जाएगी। जिन शाखाओं में कम शिकायतें हैं, उनका शीघ्र समाधान किया जाए। किए गए कार्य की एक्शन टेकन रिपोर्ट (ए.टी.आर.) समय पर अपलोड की जाए। कोई भी शिकायत ऑवरड्यू नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जो लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, वह समय से पूरे होने चाहिएं। उन्होंने उप निगम आयुक्त अभय सिंह को निर्देश दिए कि जो शिकायतें ए.टी.आर. के बावजूद पोर्टल पर दोबारा वापिस आ रही हैं, उनकी समीक्षा की जाए। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, मुख्य नगर योजनाकार धर्मपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण व ओ.पी. करदम, सहायक नगर योजनाकार नवरत्न, अधीक्षक संतोष रानी, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा, नायब तहसीलदार राम कुमार तथा ग्रीवेंस सेल के सलाहकार जशनजीत सिंह मौजूद रहे।



करनाल। नगर निगम आयुक्त अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए।

#### वाटर सप्लाई शिकायत के लिए 14420 पर करें कॉल

निगमायुक्त ने कहा कि सीवरेज क्लीनिंग व वाटर सप्लाई को लेकर अगर किसी नागरिक को शिकायत है, तो वह नगर निगम के टोल फ्री नम्बर 14420 पर कॉल कर ऐसी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। शिकायत दर्ज करने के लिए दो शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगी। उन्होंने तकनीकी विशेषज्ञ सतीश शर्मा को निर्देश दिए कि इन नम्बर पर आने वाली शिकायत और उसके निस्तारण की पूरी निगरानी रखी जाए। उन्होंने कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि उक्त पोर्टल पर आई मांगों पर निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। उससे पहले फिजिबिलिटी यानि व्यवहार्यता अवश्य चेक की जाए, अगर फिजिबिलिटी नहीं है, तो उसे पोर्टल पर दर्ज कर दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सम्बंधित कार्यकारी अभियंता स्वयं भी इन कार्यों की निगरानी करें। ए.टी.आर. में सही जवाब दिया जाए, इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि मुख्यालय द्वारा इन पोर्टल पर आई शिकायतों की समीक्षा की जाती है, इसलिए सभी अधिकारी इसे गम्भीरता से लें और त्वज्जों देकर इन कार्यों को निपटाएं।



घरौंडा। सडीएम राजेश सोनी गांव लालूपुरा में यमुना तटबंध का निरीक्षण करते

#### एसडीएम ने किया लालपुरा तटबंध का निरीक्षण

घरौंडा। एसडीएम राजेश सोनी ने गत दिवस यमुना के साथ लगते गांव लालूपुरा में तटबंध का निरीक्षण कर यमुना के जलस्तर की जांच की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों निर्देश दिए कि बाढ़ से बचाव के लिए सभी पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करे। इसके साथ ही स्थिति का जायजा लेने के लिए निरंतर तटबंध क्षेत्रों की निगरानी की जाए। एसडीएम राजेश सोनी ने कहा कि प्रशासन यमुना के जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए है। आमजन को किसी तरह की परेशानी की सामना न करना पड़े। इसके लिए सिंचाई विभाग तत्परता से कार्य करते हुए जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पुख्ता प्रबंध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति के लिए लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है, ताकि किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान से बचा जा सके। उन्होंने मौके पर मौजूद सरपंचों को आह्वान किया कि वे अपने-अपने गांवों में मुनादी करवाकर लोगों को संभावित बाढ़ के खतरे के प्रति सचेत करें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें।



### भारतसैल ने करनाल में खोला दूसरा आउटलेट

करनाल। कुश्मांडा पावर लिमिटेड (केपीएल) के प्रमुख ब्रांड भारतसैल ने करनाल में अपना दूसरा बड़ा आउटलेट शुरू किया। यहाँ उपभोक्ताओं को आधुनिक ईवी बैटरियां और सौर ऊर्जा उत्पाद उपलब्ध होंगे। भारतसैल की स्थापना प्रबंध निदेशक रुपेश गर्ग और निदेशक मयंक मित्तल ने की थी। कंपनी का उद्देश्य नई ऊर्जा और मोबिलिटी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विश्वस्तरीय लिथियम-आयन बैटरी और सौर समाधान देना है। उद्घाटन अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशक रुपेश गर्ग, निदेशक मयंक मित्तल, निदेशक श्वेता शर्मा गर्ग और सीईओ राघव शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि भारतसैल का विस्तार केवल मौजूदगी बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत के ऊर्जा भविष्य को मजबूत करने की दिशा में है। उन्होंने बताया कि कंपनी का हर कदम गहन अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) पर आधारित है। उन्होंने आगे कहा कि भारतसैल की यात्रा हमेशा भारतीय नवाचार पर आधारित विश्वस्तरीय ऊर्जा समाधान तैयार करने की रही है और अब समय है कि इस उत्कृष्टता को वैश्विक बाजारों तक पहुँचाया जाए।




करनाल। रक्तदाताओं को बैज लगाकर उन्हें सम्मानित करते हुए जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक। फोटो : हरिभूमि

### विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष्य में किया रक्तदान

**करनाल।** डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में वीरवार को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 40 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 36 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। युवाओं को रक्तदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए सभी रक्तदाताओं को बेज लगाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि वीरवार को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गया। जिसकी थीम सशक्त वृद्धि आवाजे, समाज सेवी भविष्य के लिए है। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों का मार्गदर्शन और आशीर्वाद ही हमें समाज सेवा की प्रेरणा देता है। जिसके उपलक्ष्य में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है ताकि जिला में रक्त की कमी के कारण किसी व्यक्ति को जान ने गवानी पड़े।

## अवैध कॉलोनियों पर चला डीटीपी का पीला पंजा

- अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन की कार्रवाई से मची खलबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला नगर योजनाकार गुंजन ने बताया कि गत दिवस करनाल में 5 अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध तोडफोड़ की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि पहली अवैध कॉलोनी जो लगभग 6 एकड़ पाल नगर के पीछे गांव डबरी के रकबा में स्थित है जिसमें 5 मकान , 10 डी.पी.सी., चारदीवारी , कॉलोनी का मैन गेंट , बिजली के खम्बे , सीवर नेटवर्क व सभी पक्की सडकों के विरुद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई। दूसरी अवैध कॉलोनी जो लगभग 1.5 एकड़ में मैहता फार्म के सामने काछवा रोड़ पर गांव सैदपुरा में स्थित है जिसमें सीवर नेटवर्क , वाटर सप्लाई नेटवर्क, 1 दुकान, 1 मकान व सभी कच्ची सडकों के विरूद्ध तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि तीसरी अवैध कॉलोनी जो लगभग 1.2 एकड़ में पिंगली चैक के नजदीक कैथल रोड़ पर स्थित है। जिसमें चारदिवारी, डीलर कार्यालय, टॉयलेट रूम, मैंन गेट व सभी पक्की सडक़ों के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। चैथी अवैध कॉलानी लगभग 1.5 एकड़ में पिंगली चैक के नजदीक कैथल रोड़ पर स्थित है। जिसमें 2 डी.पी सी., चारदीवारी के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार पांचवी अवैध कॉलोनी जो लगभग 2.5 एकड़ में नई पुलिस लाईन के सामने कैथल रोड़ पर स्थित है। जिसमें 1 निर्माणाधीन मकान, सीवर नेटवर्क, 2 डी.पी.सी. व सभी कच्ची सडक़ों के विरूद्ध तोडफोड की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान जिला नगर योजनाकार व करनाल डयूटी मजिस्ट्रेट व थाना राम नगर, करनाल व थाना सदर जिला करनाल की पुलिस फोर्स मौके पर उपस्थित रही। जिला नगर योजनाकार ने लोगो से अपील की कि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोडफ़ोड़ की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माणों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफ़ोड़ की कार्यवाही जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज कराये जायेंगे।



करनाल। अवैध निर्माण पर पीला पंजा चलता हुआ। फोटो : हरिभूमि

## विधायक ने कैंप कार्यालय में सुनी जनता की समस्याएं, मौके पर किया समाधान

- इस दौरान आमजन की समस्याओं को एक-एक करके सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

विधायक जगमोहन आनंद ने वीरवार को सेक्टर-13 स्थित कैंप कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को एक-एक करके सुना व मौके पर ही समस्याओं के समाधान लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सबका साथ- सबका विकास - सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए प्रदेश में नॉन स्टॉप विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। केंद्र व प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि जो भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर उनके पास आए, वह लिखित शिकायत लेकर आए। उस शिकायत पर साफ-साफ संबंधित व्यक्ति का पता और उसका मोबाइल नंबर अवश्य हो, ताकि आसानी से संपर्क किया जा सके।



करनाल। आमजन की समस्याओं को सुनते हुए विधायक जगमोहन आनंद।

## करनाल में टाटा मोटर्स के वेयरहाउस में लगी

- धूएं का गुब्बार देखकर आस-पास के लोगों में खलबली मच गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के नेशनल हाईवे पर स्थित टाटा मोटर्स के स्पेयर पाट्र्स वेयरहाउस में गुरुवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। चंद मिनटों में ही आग ने पूरे वेयरहाउस को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के इलाके में धुएं का गुबार फैल गया और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक वेयरहाउस का अधिकांश सामान राख में तब्दील हो चुका था। बताया जा रहा है कि बुधवार रात देर तक यहां कामकाज चला था और उसके बाद वेयरहाउस को पूरी तरह बंद कर दिया गया था।

अग्निकांड में गाड़ियों के स्पेयर पाट्र्स, कंप्यूटर, कैबिन, एलईडी, कुर्सियां, मेज सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक व ऑफिस सामग्री जलकर खाक हो गई। प्राथमिक आकलन के अनुसार करीब 10 से 12 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस और फायर विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक आशंका शॉर्ट सर्किट की जताई जा रही है।

## अवैध हथियार के मामले में दूसरा आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

बीती शाम जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह की अध्यक्षता में गुप्त सूचना के आधार पर शेरगढ़ टापू से आरोपी उमेर निवासी गुज्जर वाड़ा देवबंद, उत्तर प्रदेश को एक अवैध देशी पिस्तौल 32 बोर सहित काबू किया गया।

इस संबंध में एंटी नारकोटिक सेल इंचार्ज ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस मामले में पहले ही मुख्य आरोपी तस्वर निवासी हैबतपुर, मुजफ्फरनगर को अवैध हथियार तस्करी के मामले में गिरफ्तार कर थाना कुंजपुरा में आम्र्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी तस्वर द्वारा एक हथियार उमेर पुत्र उमरदीन को बेचा था, जिसे आज गिरफ्तार कर न्यायालय के मुख्य पेश किया गया व इस मामले मे आरोपीयो के अन्य साथियों का पता लगाने हेतु मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

#### बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

करनाल। एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की हुई दो मोटरसाईकिल बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-4 से आरोपी हर्ष निवासी ऊंचा समाना मधुबन, करनाल को दो चोरी सुधा मोटरसाइकिल सहित काबू किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी द्वारा एक मोटरसाइकिल चार चमन, थाना सिविल लाइन व दूसरी मोटरसाइकिल कर्ण पार्क थाना शहर के एरिया से चोरी कर घटना को अंजाम दिया गया था।

## श्री घंटाकर्ण महावीर देवस्थान पर मासिक श्रद्धालु संगम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

इन्द्री रोड स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घंटाकर्ण महावीर देवस्थान पर शुक्रवार, 22 अगस्त को मासिक श्रद्धालु संगम का भव्य भक्तिमय आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रत्येक महीने के कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर होता है और इस बार भी बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम की शोभा शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज एवं महासाध्वी श्री जागृति जी महाराज की पावन नेश्राय में बढ़ेगी। जैन धर्मानुसार श्री घंटाकर्ण जी, 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव हैं और तंत्र-मंत्र-यंत्र साधना को सफल बनाने वाले अलौकिक शक्तियों से संपन्न माने जाते हैं।

#### कार्यक्रम का क्रम

देवस्थान दर्शन का समयः प्रातः 5:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
प्रातःकालीन आरतीः सुबह 7:30 बजे।
सांध्यकालीन आरतीः शाम 6:30 बजे।
सत्संग, भजन-कीर्तन एवं कृपा प्राप्ति प्रसंगः सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक।
इसके उपरांत महाआरती एवं बृहत श्री घंटाकर्ण स्तोत्र का वाचन होगा।
कार्यक्रम के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रीतिभोज की व्यवस्था की गई है, जिसका लाभ नरेंद्र जैन सुपुत्र श्री रोशन लाल जैन (खरैंटी वाले), निवासी न्यू संजय नगर पानीपत द्वारा लिया जा रहा है।



### एफआरएस प्रणाली के विरोध में आंगनवाड़ी का प्रदर्शन

**करनाल।** फेस रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) के खिलाफ आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन ने गुरुवार को काला दिवस मनाया और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। फव्वारा पार्क में सभा करने के बाद कार्यकर्ता जिला सचिवालय पहुंचे और तहसीलदार को केंद्रीय मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला प्रधान रूपा राणा और सचिव बिजनेश राणा के नेतृत्व में प्रदर्शन हुआ। नेताओं ने कहा कि एफआरएस प्रणाली ने आंगनवाड़ी सेवाओं को जटिल बना दिया है। छह महीनों से केंद्र सरकार से मानदेय भी नहीं मिला है, जिससे आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं में रोष है। यूनियन ने मांग की कि एफआरएस प्रमाणीकरण की अनिवार्यता तुरंत खत्म की जाए, केंद्रों में कंप्यूटर/लैपटॉप/टैब उपलब्ध कराए जाएं और तब तक उच्च गुणवत्ता वाले मोबाइल फोन दिए जाएं। साथ ही केंद्रों में मुफ्त वाई-फाई या पर्याप्त डाटा राशि उपलब्ध कराई जाए। सभी लाभार्थियों को आधार या अन्य पहचान की बाध्यता के बिना गुणवत्तापूर्ण पोषण मिले और आंगनवाड़ी कर्मचारियों को 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन दिया जाए।

**धार्मिक आयोजन** | श्रीमद्भागवत गीता पर आधारित पुस्तक का भव्य विमोचन

## इंसान को श्रीमद्भागवत गीता जीवन जीने की कला सिखाती है : स्वामी ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी में संपादित पुस्तक श्रीमद्भागवत गीता एक बहुआयामी वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विमोचन जीओ गीता के संस्थापक स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज एवं हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार (विकास एवं पंचायती राज मंत्री) के कर कमलों द्वारा किया गया। इस पुस्तक के मुख्य संपादक प्राचार्य प्रो. डॉ. महेंद्र सिंह बागी हैं। संपादन कार्य में प्रो. डॉ. मीरा, डॉ. गुलाब सिंह एवं प्रो. सुमित गोयल का योगदान रहा। इसमें देशभर के 25 अध्यापकों द्वारा किए गए गीता-आधारित शोध कार्य संकलित और प्रकाशित किए गए हैं। स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि गीता केवल एक धर्मग्रंथ नहीं बल्कि जीवन ग्रंथ है, जो हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। इसमें हर समस्या का समाधान निहित है। आधुनिक युग में प्रासंगिक : कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि गीता का संदेश आधुनिक युग में और भी ज्यादा प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने प्राचार्य प्रो. डॉ. महेंद्र सिंह बागी और पुस्तक संपादकों को इस उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



करनाल। श्रीमद्भागवत गीता पर आधारित पुस्तक का भव्य विमोचन करते हुए स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज। फोटो : हरिभूमि



करनाल। श्री कृष्णा कृपा धाम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आरती करते सतीश गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी। फोटो : हरिभूमि

### श्री कृष्णा कृपा धाम में श्रीमद् भागवत कथा समापन

**करनाल।** शहर के सेक्टर-9 स्थित श्री कृष्णा कृपा धाम में कृष्ण कृपा जियो गीता परिवार द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत समापन हुआ। यह भव्य कथा 13 से 19 अगस्त तक स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुई। कथा वाचक आचार्य विष्णुकांत शास्त्री ने अपने मधुर वचनों से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया। उन्होंने कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की पवित्र मित्रता का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। समापन अवसर पर यजमान सतीश गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी रीटा गुप्ता ने पूरे विधि-विधान से आरती की। इसके उपरांत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया और श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शहर के सेक्टर-9 स्थित श्री कृष्णा कृपा धाम में कृष्ण कृपा जियो गीता परिवार द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टम पूरे कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति और उत्साह के साथ भाग लिया तथा श्रीमद् भागवत कथा से जीवन में धर्म, प्रेम और भक्ति का संदेश ग्रहण किया।

## खबर संक्षेप



### बुजुर्गों का आशीर्वाद जीवन में लाता है सुख समृद्धि

**पानीपत।** एवन पब्लिक स्कूल में विश्व वृद्ध नागरिक सम्मान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक एवं पूर्व सेना अधिकारी राजेश शांडिल्य तथा आर्य समाज के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक बिजेंद्र अत्री, प्रधानाचार्य राजेश बत्रा, समाजसेवी विजय छाबड़ा, प्राचार्य अवनीश ठाकुर ने संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए शिक्षक वीणा, सीमा, पायल, सोनिया, मेघा व प्रियंका को भी सम्मानित किया

### भिक्षावृत्ति कर रहे पांच बच्चों का रेस्क्यू

**पानीपत।** कलंदर पीर दरगाह क्षेत्र से भिक्षावृत्ति में सलंग्न 5 बच्चों को जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया के सहयोग से मानव तस्करी विरोधी इकाई के सदस्यों ने रेस्क्यू कराया और बाल कल्याण समिति में पेश किया। जहां इन सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल देखभाल गृह पानीपत भेज दिया गया। इन बच्चों की उम्र केवल 5 से 14 साल के बीच है। इस अभियान के तहत आज एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट की कार्रवाई में एसआई संदीप कुमारए शेखर और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे।

### श्री ब्रह्मपुरी अन्न क्षेत्र आश्रम ट्रस्ट के प्रधान बने सुरेश

**पानीपत।** हरियाणा की धर्म नगरी कुरुक्षेत्र में गीता के 18 अध्यायों पर आधारित 18 मंजिला ज्ञान मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। श्री ब्रह्मपुरी अन्न क्षेत्र आश्रम ट्रस्ट के सदस्य यह कार्य कर रहे हैं। पानीपत के प्रमुख निर्यातक एवं समाजसेवी सुरेश तायल को सर्वसम्मति से इस ट्रस्ट का प्रधान नियुक्त किया गया है। दिल्ली में संस्थापक आरएसएस के राष्ट्रीय प्रचारक इंद्रेश कुमार तथा चेयरमैन डॉ.सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया।

### जीवन का लक्ष्य जिला को हरा बनाना : हरिओम

**पानीपत।** टीडीआई सिटी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत आज पौधरोपण ताई कलावती देवी के हाथों से कराया गया और पोती पाल्वी ने इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी ली है। प्रकृति प्रेमी और पर्यावरण संरक्षक पानीपत कबडीओ सी हरिओम ने बताया कि मेरे जीवन का मुख्य उद्देश्य जिले को हरा-भरा बनाना और अधिक से अधिक पौधरोपण करना है। जिसके लिए वह लगातार अभियान चलाए हुए हैं।

### चेन स्नैचिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने मार्केट से पैदल घर जा रही महिला के गले से चांदी की चेन स्नैचिंग करने वाले दो आरोपियों को बुधवार शाम को काला आंबा मोड़ से काबू किया है। दोनों आरोपी स्नैच की चेन को बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में घूम रहे थे। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपियों पहचान कृष्णा गार्डन कॉलोनी निवासी सन्नी व उमेश के रूप में हुई है।

### नशा रोकने की शुरूआत घर से करें : जगपाल

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान के दौरान पुलिस ने आज गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल नौहरा में विद्यार्थियों को नशा करने के दुष्परिणाम बारे विस्तृत जानकारी देकर अपने जीवन में कभी भी नशा नहीं करने बारे शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम डीएसपी नरेन्द्र कादियान के नेतृत्व में किया गया। एएसआई जगपाल सिंह ने बताया कि नशा मुक्त अभियान के तहत लोग जागरूक हो रहें हैं। स्कूली बच्चे भी नशा मुक्ति अभियान में बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं। नशामुक्ति की शुरुआत हमें अपने घर से करनी चाहिए।

## मंत्री महीपाल ढांडा की जनता दरबार की पंरपरा 11 वर्षों से जारी

# जनता दरबार जनता से सीधा संवाद करने का सबसे प्रभावी माध्यम : ढांडा

- लोगों ने मंत्री जी के त्वरित निर्णय और संवेदनशीलता की सराहना की
- जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** जनता दरबार में समस्याएं सुनते हुए मंत्री महीपाल ढांडा। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने आज पानीपत स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार का आयोजन किया। जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत महीपाल ढांडा वर्ष 2014 में पहली बार विधायक बनने के बाद से पिछले लगभग 11 वर्षों से नियमित रूप से जनता दरबार लगाते आ रहे हैं। यह परंपरा आज भी उसी उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ जारी है। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं लेकर पहुंचे। जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मंत्री ढांडा ने अधिकतर मामलों में तत्काल अधिकारियों से फोन पर संपर्क साधकर मौके पर ही समाधान कर दिया। जिन समस्याओं का तुरंत निस्तारण संभव नहीं था, उन्हें उन्होंने अपने निजी स्टाफ को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री ढांडा ने कहा कि जनता दरबार उनके लिए जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। यहां आने वाला प्रत्येक नागरिक अपनी समस्या को सीधे उनके सामने रख सकता है और उसे समाधान का भरोसा मिलता है। उनका स्पष्ट मानना है कि जनता की सेवा ही जनप्रतिनिधि का पहला कर्तव्य है और इसी भावना के साथ वे लगातार जनता के बीच जाकर कार्य कर रहे हैं। जनता दरबार में उपस्थित लोगों ने मंत्री जी के त्वरित निर्णय और संवेदनशीलता की सराहना की।

**लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता**

कई लोगों ने बताया कि वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान इसी मंच पर मिलने से उनका भरोसा सरकार और व्यवस्था पर और मजबूत हुआ है। ढांडा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य आमजन को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध कराना है। जनता दरबार इसी दिशा में एक सार्थक कदम है जो जनप्रतिनिधि और जनता के बीच की दूरी को समाप्त करता है। लगभग 11 वर्षों से निरंतर जारी यह परंपरा न केवल जनता की अपेक्षाओं को पूरा कर रही है बल्कि प्रशासनिक तंत्र को भी और अधिक जिम्मेदार बनने की प्रेरणा दे रही है। मंत्री ने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी जनता दरबार के माध्यम से वे लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ करते रहेंगे। इस अवसर पर उनके साथ पुलिस विभाग से डीएसपी नवीन सन्धु, नगर निगम के पार्षद व कई गांवों के सरपंच भी मौजूद रहे।

## पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान का होता है हृदय


**पानीपत।** कार्यशाला में भाग लेने वालों के साथ प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर साइंस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हाउ टू यूज लाइब्रेरी रिसोर्सेज एंड सर्विसेज तथा लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। जिसमें बीसीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम एनडीएलआई क्लब के मंच से संपन्न हुआ। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान का हृदय होता है। जहां से ज्ञान की ऊर्जा पूरे परिसर में प्रवाहित होती है। यदि विद्यार्थी उपलब्ध संसाधनों का सही और नियमित उपयोग करें तो वे अपने अध्ययन एवं अनुसंधान में उल्लेखनीय प्रगति कर सकते हैं। उप प्राचार्या डॉ.किरण मदान ने कहा कि विद्यार्थी और शिक्षक लाइब्रेरी के प्रत्येक संसाधन से जुड़कर अपने ज्ञान और शोध को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। कार्यशाला के संयोजक एवं रिसोर्स पर्सन लाइब्रेरियन डॉ.प्रवीन कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकालय में उपलब्ध प्रिंट एवं ई.संसाधनों के प्रभावी उपयोग की जानकारी प्रदान करना था। कंप्यूटर साइंस विभाग से प्रो.अश्वनी गुप्ता ने कहा कि लाइब्रेरी संसाधनों का सही उपयोग ही शिक्षा की गुणवत्ता और शोध की गहराई को बढ़ाने की कुंजी है। इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस विभाग से प्रो.विनय भारती, प्रो.नीतू, प्रो.नीरू, प्रो.मोहित, प्रो.गिन्नी, प्रो.तमन्ना, प्रो.प्रीति मलिक, प्रो.अजय, प्रो.पूजा आदि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त एनडीएलआई क्लब टीम से सचिव डॉ.निधि मल्होत्रा, प्रो.माधवी और प्रो.हिमांशी ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

### अवैध कॉलोनियों और डाई हाउसों पर चला पीला पंजा

**पानीपत।** जिला नगर योजनाकार सुमित मलिक के नेतृत्व में आज अवैध कॉलोनियों और डाई हाउसों पर तोडफोड़ अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब 18 एकड़ क्षेत्र में फैली तीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई राजस्व एस्टेट खेड़ी नांगल, डाहर और बिंझौल में की गई।

अभियान के दौरान ब्लॉक टाइल्स नेटवर्क तोड़ा गया, साथ ही छह अवैध निर्माण ढांचे को ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त चार डाई हाउसों को भी गिरा दिया गया। इस अभियान के लिए एसडीओ मनोज कुंडू को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था।

### बुजुर्ग हमारे संरक्षक और आदर्श संस्कारों का आधार : रणदीप आर्य


**पानीपत।** कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते प्रधान रणदीप आर्य व अन्य।

**पानीपत।** आर्य बाल भारती विद्यालय में विश्व वरिष्ठ नागरिक सम्मान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय परिवार ने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति आदर और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान रणदीप आर्य ने की। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के छात्रों ने प्रस्तुती से सभी को भाव विभोर कर दिया। प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि परिवार नागरिक गुणों की प्रथम पाठशाला होता है और वैदिक धर्म में बुजुर्गों को सबसे अधिक सम्मान दिया जाता है। बुजुर्ग हमारे संरक्षक होने के साथ-साथ आदर्श संस्कारों का आधार भी हैं। उन्होंने कहा कि सभी आर्य शिक्षण संस्थाएं ऋषि दयानंद और स्वामी श्रद्धानंद के बताए मार्ग पर चलते हुए प्रातःकालीन यज्ञ और प्रार्थना सभा के समय बच्चों में उच्च कोटि के संस्कार डालने के सभी प्रयास करती हैं।

### खेल प्रतियोगिता में डीईओ राकेश बूरा ने बढ़ाया बच्चों का हौसला


**पानीपत।** कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते प्रधान रणदीप आर्य व अन्य।

**पानीपत।** पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एएनएफएल टाउनशिप में शतरंज और तायक्वोंडो के जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जिले के सभी ब्लॉक खेल से चयनित छात्रों ने भाग लिया। शतरंज प्रतियोगिता में 150 व तायक्वोंडो प्रतियोगिता 140 छात्रों ने भाग लिया। डीईओ राकेश बूरा ने यहां पहुंचकर खेल प्रतियोगिता का जायजा लिया। बच्चों और रेफरी को दी जाने वाली सुविधायों से वह खुश नजर आए। इसके लिए उन्होंने प्रिंसिपल रेखा बजाज का धन्यवाद किया। वहीं डीईओ ने कहा कि नियमित शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए खेल सबसे अच्छा तरीका है। किसी भी व्यक्ति की सफलता मानसिक और शारीरिक ऊर्जा पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सही कहते हैं कि खेलोगे तो खिलोगे।

### ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान में 62 वाहनों के चालान ,24 इंपाउंड

**पानीपत।** यातायात नियमों की पालना कराने व सड़क हादसों को रोकने के लिए पुलिस द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत तीसरे दिन पुलिस ने बुधवार की देर शाम विभिन्न मार्गों पर नाकाबंदी कर 1340 वाहन चालकों को चैककर 86 वाहन चालक नशे का सेवन करके वाहन चलाते मिले। जिनमें से 62 के चालान किए। इसके साथ ही अत्याधिक शराब पीकर वाहन चला रहे 24 वाहन चालकों के वाहनों को इंपाउंड किया गया। डीएसपी सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सडक़ पर नशे में वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना है।

# दयाल सिंह स्कूल की भाषण स्पर्धा में सारा ने मारी बाजी

- प्रधानाचार्या डॉ.विनीता कुमार तोमर ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए और बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ अतिथिगण व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

सैक्टर 13-17 स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में आज हिंदी विभाग की ओर से प्रधानाचार्या डॉ.विनीता कुमार तोमर की अध्यक्षता में हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा नौवीं से दसवीं के बच्चों ने इसमें भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं प्रथम स्थान सारा अरावली सदन, द्वितीय स्थान यशिका नीलगिरी सदन, तृतीय कीर्ति हिमालय सदन, कक्षा दसवीं से प्रथम आल्या हिमालय सदन, द्वितीय रिधिमा अरावली सदन, तृतीय स्थान कनव शिवालिक सदन तथा सांत्वना पुरूस्कार अनवी नीलगिरी सदन ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्या डॉ.विनीता कुमार तोमर ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए और बधाई दी। प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई कला छिपी होती है। बस आवश्यकता होती है इसे निखारने की। निर्णायक मंडल की भूमिका रजनी सतीजा और प्रियंका कौशिक ने निभाई। मंच संचालन छात्रा निहारिका, हितैषी और सान्वी ने किया।

### एसडी विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय वृद्ध सम्मान दिवस

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय वृद्ध सम्मान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने की। प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने कहा कि परिवार में दादा-दादी, नाना-नानी और अन्य वरिष्ठ जन केवल परिवार की धरोहर ही नहीं बल्कि समाज की भी आधारशिला हैं। बुजुर्गों के अनुभव, संस्कार और जीवन की शिक्षाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक होने के साथ-साथ प्रेरणा का स्रोत भी हैं। विद्यालय समिति के सचिव नरेश गोयल ने कहा कि बुजुर्गों का हमेशा सम्मान करना चाहिए और उनके अनुभवों से सीख लेनी चाहिए। समिति के अध्यक्ष अनूप गर्ग ने कहा कि आदर्श समाज की स्थापना में बुजुर्गो का सहयोग अमूल्य होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेंद्र जयसवाल, संदीप मलिक, सिद्धेश्वरी श्रीवास्तव व रणवीर शर्मा मौजूद रहे।

- बुजुर्गों का हमेशा सम्मान करना चाहिए और उनके अनुभवों से सीख लेनी चाहिए

# पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** एसपी भूपेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपते सर्व समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

भाजपा के मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा गंदी-गंदी गालियां दी गई और जान से मारने की धमकी दी। यहां तक की रिवाल्वर से फायर की गई और समाज में भय उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। इस गंभीर घटना के ही विरोध में आज जिला में सैनिक सभा तथा बीजेपी हरियाणा विधि प्रकोष्ठ के सहसंयोजक सुभाष सैनी एडवोकेट व अशोक कादियान के के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारी जिला सचिवालय स्थित पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह को एक ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाही की मांग की गई। वहीं एसपी ने उन्हें आश्वान दिया की जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाही अमल में लाई जायेगी। इस अवसर पर सुभाष सैनी एडवोकेट प्रेसिडेंट सैनी समाज सभा पानीपत एवं प्रदेश सहसंयोजक विधि प्रकोष्ठ भाजपा, रामधन सरपंच राक्सेड़ा, पवन त्यागी मंडल अध्यक्ष, नरेंद्र पालीवाल, प्रेम सैनी, सुरेश सैनी, श्यामलाल सैनी, सतपाल, सुभाष, सुरेश, सूरज, सुनील सैनी, सुनील सैनी एडवोकेट, तुषार सैनी एडवोकेट, यंतेश सैनी एडवोकेट, रामकुमार सैनी, अतर सिंह सैनी, वीरेंद्र सैनी अध्यक्ष एलएसबीटी स्कूल, आशु आदि मौजूद रहे।

### समाज सेवा का अर्थ है बिना स्वार्थ के समाज के हित में काम करना

**पानीपत।** नारी कल्याण समिति की मुख्य कार्यकारिणी सदस्य निशा गर्ग द्वारा आज 13-17 सेक्टर में जरूरतमंदों को राशन बांटा गया। समिति की संरक्षिका कुसुम गुप्ता, प्रधान कंचन सागर ने संयुक्त रूप से उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि जरूरतमंदों, असहाय लोगों की सेवा करके जो मन को सुकून मिलता है उसे शब्दों में ब्यान करना कठिन है। वही दूसरों की मदद कर सकता है, जो दर्द के एहसास को समझता है। इस प्रोजेक्ट में मुख्य रूप से सुमन शिंगला, निशा गर्ग, बबीता गर्ग, सरोज आहुजा, नीलम, ज्योतिका सक्सेना व उपाध्यक्ष ज्योत्सना गर्ग आदि मौजूद रहे।

### नेत्रदान किसी को सुनहरा संसार दिखा सकता है : डा.पीके सिंह


**पानीपत।** नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए प्रोग्राम में मौजूद छात्र व एनसी स्टाफ।

**इसराना।** स्वैच्छिक नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए 1985 से हर साल 25 अगस्त से 8 सितंबर तक पूरे देश में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाता है। नेत्रदान किसी को सुनहरा संसार दिखा सकता है। नेत्रदान अभियान का उद्देश्य लोगों को मृत्यु के बाद अपनी आंखें दान करने के लिए प्रोत्साहित करना है। डा.बीके गुप्ता ने बताया कि एक नेत्रदाता दो कॉर्नियल दृष्टिहीन व्यक्तियों को दृष्टि प्रदान कर सकता है। नेत्रदान पखवाड़ा मनाने के लिए आज एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के नेत्र रोग विभाग द्वारा एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेडिकल सुपरीटेंडेंट डा.नरेंद्र कालिया, डीन अकैडमी डा.निवेदिता पांडे और प्रो.डा.ईशा गुप्ता ने पोस्टरों का मूल्यांकन किया। जिसमें अंशिका शर्मा को प्रथम पुरस्कार मिला। इस अवसर पर मेजर जनरल डा.पीके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा.नरेंद्र कालिया ने प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। डा.कनव गुप्ता और डा.तरुण सोनी आदि उपस्थित रहे।

### बुजुर्गों को सम्मान देकर युवा करें आदर्श समाज की स्थापना : डॉ.अनुपम


**पानीपत।** भाजपा मीडिया प्रभारी ओमदत्त शर्मा को सम्मानित करते प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा,वीरेंद्र शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व वरिष्ठ नागरिक सम्मान दिवस मनाया गया। जिसमें वरिष्ठ नागरिक एवं भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त शर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दादा लख्मीचंद कला विकास मंच के संरक्षक वीरेंद्र शर्मा, कवि कमल नयन वर्मा व अनेक शिक्षकगण मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि भारतीय संस्कृति को विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति होने का गौरव प्राप्त है और संयुक्त परिवार एक आदर्श नागरिकों की प्रथम पाठशाला होती है। हालांकि पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव, शहरीकरण और टूटते संयुक्त परिवारों के कारण समाज में वृद्धों को पहले जैसा सम्मान नहीं मिल पा रहा है।

**निर्णय** नगर पालिका ने हस्पताल का नक्शा किया रद्द

# एसडीएम कोर्ट में एसएमएच हस्पताल प्रबंधकों को लगा झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जीटी रोड पर दो महीने पहले बने 100 बेड के एसएमएच सुपर स्पेशलिटी हस्पताल पर चारों ओर से शिकंजा कसे जाने से हस्पताल निदेशकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं । जहां एडीसी एवं जिला नगर आयुक्त डा.पंकज यादव के कड़े रुख के बाद नगर पालिका ने हस्पताल के स्वीकृत नक्शे को रद्द कर दिया है। वहीं एसडीएम कोर्ट में भी एसएमएच हस्पताल प्रबंधकों को हार का मुंह देखना पड़ा है। जबकि सीएम फ्लाइंग स्क्वाइड ने भी हस्पताल प्रबंधकों द्वारा पालिका भूमि पर अवैध कब्जा होने व गलत ढंग से प्रॉपर्टी आईडी बनाने बारे तहसीलदार व पालिका सचिव को नोटिस भेज कर दोनों से जवाब तलब किया है। शिकायतकर्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने हस्पताल की भूमि के प्रबंधकों, भूमि विक्रेता,तहसीलदार व पालिका के एमईएजे आदि के खिलाफ सबूतों सहित शिकायत की थी। सीएम फ्लाइंग स्क्वाइड के नोटिस का असर ये हुआ कि एसडीएम अमित कुमार ने पालिका भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए हस्पताल निदेशकों की तमाम दलीलों को नकारते हुए नगरपालिका के हक में निर्णय कर दिया। वहीं नगर पालिका सचिव मनीश शर्मा ने बताया कि कब्जा की गई पालिका भूमि पर दीवार बना कर कब्जा लेने की डीसी वीरेंद्र दहिया से अनुमति प्राप्त कर ली है । डीसी ने कब्जा मुक्त कराने के लिए बिजली विभाग के एसडीओ शिव कुमार को ड्यूटी मेजिस्ट्रेट नियुक्त किया है और पुलिस फोर्स उपलब्ध कराने के आदेश भी किए हैं।



एसएमएच हस्पताल का चित्र।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**श्री चन्द सैन पुत्र लेट श्री मगंल सैन निवासी मकान नम्बर 495/7, तहसील व जिला पानीपत।**
**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री चन्द सैन पुत्र लेट श्री मंगल सैन निवासी मकान नम्बर 495/7, तहसील व जिला पानीपत का स्थाई निवासी है। यह कि लेट श्री भगवान दास पुत्र श्री गिरधारी लाल की मृत्यु दिनांक 14/10/1996 को हो चुकी है व लेट श्रीमति भागवन्ती देवी पत्नी श्री भगवान दास की मृत्यु दिनांक 25/08/1998 को हो चुकी है। यह कि लेट श्री भगवान दास पुत्र श्री गिरधारी लाल की मृत्यु उपरान्त निम्नलिखित 4 वारिस है जोकि इस प्रकार है:- 1. मंगल सैन पुत्र, 2. इन्द्र सैन एलावाधी पुत्र, 3. शान्ता रानी पुत्र, 4. किरन गांधी पुत्री लेट श्री भगवान दास है। यह कि उक्त वारसन में से लेट श्री मंगल सैन पुत्र लेट श्री भगवान दास की मृत्यु दिनांक 16/03/2018 को हो चुकी है व लेट श्रीमति दयावन्ती पत्नी लेट श्री मंगल सैन की मृत्यु दिनांक 27/06/2014 को हो चुकी है। यह कि लेट श्री मंगल सैन पुत्र लेट श्री भगवान दास की मृत्यु उपरान्त निम्नलिखित 8 वारिस है जो कि इस प्रकार है:- 1. मित्र सैन पुत्र, 2. चन्द सैन पुत्र, 3. सुरेश रानी पुत्री, 4. सुनीता रानी पुत्री, 5. विदुषा ध्याना पुत्री, 6. विनोद पुत्री, 7. प्रमोद रानी पुत्री, 8. सरोज नारंग पुत्री लेट श्री मंगल सैन हैं। यह कि उक्त वारसन में से लेट श्रीमति सुनीता पुत्री लेट श्री मंगल सैन की मृत्यु दिनांक 28/06/2008 को हो चुकी है। यह कि लेट श्रीमति सुनीता पुत्री लेट श्री मंगल सैन की मृत्यु उपरान्त निम्नलिखित 2 वारिस है जोकि इस प्रकार है:- 1. हितेश कुमार बांगा पुत्र, 2. मीनू पुत्री लेट श्रीमति सुनीता। यह कि उक्त वारसन में से लेट श्री इन्द्र सैन पुत्र लेट श्री भगवान दास की मृत्यु दिनांक 20/10/2014 को हो चुकी है व लेट श्रीमति राज रानी पत्नी लेट श्री इन्द्र सैन की मृत्यु दिनांक 04/05/2021 को हो चुकी है। यह कि लेट श्री इन्द्र सैन पुत्र लेट श्री भगवान दास की मृत्यु उपरन्त निम्नलिखित 4 वारिस है जोकि इस प्रकार है:- 1. उग्र सैन एलावाधी पुत्र, 2. भीम सैन एलावाधी पुत्र, 3. भद्र सैन एलावाधी पुत्र, 4. कुमारी साधना एलवाधी पुत्री लेट श्री इन्द्र सैन है। यह कि उक्त वारसन में से लेट श्रीमति शान्ता रानी पुत्री श्री भगवान दास की मृत्यु दिनांक 23/05/2022 को हो चुकी है। यह कि लेट श्रीमति शान्ता रानी पुत्री लेट श्री भगवान दास की मृत्यु उपरन्त निम्नलिखित 3 वारिस है जोकि इस प्रकार है:- 1. जीतेन्द्र कुमार पुत्र, 2. सुरेन्द मोंगिया पुत्र 3. मंजु पुत्री लेट श्रीमति शान्ता रानी है। यह कि उक्त वरसन में से लेट श्री जीतेन्द्र कुमार पुत्र लेट श्रीमति शान्ता रानी की मृत्यु दिनांक 07/11/2023 को हो चुकी है। यह कि लेट श्री जीतेन्द्र कुमार पुत्र लेट श्रीमति -2- शान्ति देवी की मृत्यु उपरान्त निम्नलिखित 3 वारिस है जोकि इस प्रकार है:- 1. राज विधवा, 2. वरूण पुत्र, 3. निति पुत्री लटे श्री जीतेन्द्र कुमार है। यह कि उक्त वारसन में से लेट श्रीमति किरन गांधी पुत्री श्री भगवान दास की मृत्यु दिनांक 16/02/2018 को हो चुकी है। यह कि लेट श्रीमति किरन गांधी पुत्री श्री भगवान दास की मृत्यु उपरन्त निम्नलिखित 3 वारिस है जोकि इस प्रकार है:- 1. हिमान्शु गांधी पुत्र, 2. सुधान्शु गांधी पुत्र, 3. अंजु पुत्री लेट श्रीमति किरण गांधी है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है। विजेन्द्र कुलिया नम्बरदार व सुभाष पटवारी व कमल अरोड़ा नगर निगम पार्षद वार्ड नम्बर 10 द्वारा भी अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसन की तसदीक की गई है। इनके इलावा अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 20-8-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। **तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## खबर संक्षेप


शहजादपुर। बीच सड़क पर गिरा पड़ा पेड़।

### बाइक सवार पर गिरा पेड़ मौके पर तोड़ा दम

**शहजादपुर।** वीरवार सुबह ड्यूटी पर जा रहे दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों पर सड़क किनारे खड़ा सफेदे का पेड़ अचानक गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। बड़ागढ़ गांव के रहने वाले अक्षय व जितेंद मोटरसाइकिल पर ड्यूटी के लिए जा रहे थे। वे लालड़ू पंजाब में किसी कंपनी में नौकरी करते हैं। जब दोनों व्यक्ति माजरा शहजादपुर में स्थित पॉवर हाउस के पहुंचे तभी अचानक सड़क किनारे खड़ा एक सफेदे का पेड़ उन पर गिर गया। इसके कारण अक्षय और जितेंद्र घायल हो गए। इस दुर्घटना में अक्षय की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सड़क पर गिरे पेड़ को हटवाया। इसके बाद ही मुख्य सड़क पर यातायात सुचारू हो पाया।

### आयुष्मान कार्ड पर मरीजों के रिकॉर्ड खंगाले

**अंबाला।** अंबाला शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में वीरवार को स्वास्थ्य विभाग व विजिलेंस की टीम ने रिकॉर्ड की जांच की। करीब सात घंटे तक जांच का काम हुआ। हालांकि जांच में क्या हुआ ये अभी सार्वजनिक नहीं हुआ है। जांच के दौरान अस्पताल के सारे दरवाजे और लाइट बंद करा दी गई थीं। इस मामले में मीडिया को भी दूर रखा गया। यह अस्पताल आईएमए के पूर्व प्रधान का बताया जा रहा है।

### अतिरिक्त उपायुक्त ने लगाया समाधान शिविर

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल सिंह ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए शिविर में आएं लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि अंबाला मे जिलास्तर व उपमण्डल स्तर पर सोमवार व वीरवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों में कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या रख सकता है। सभी विभागों के अधिकारी इन शिविरों में मौजूद रहते हैं।

### मासिक बैठक का हुआ आयोजन

**अंबाला।** जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कंचन माही के मार्गदर्शन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंबाला में पैनल अधिवक्ताओं की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य न्यायिकदंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण, द्वारा की गई। बैठक का उद्देश्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्रवाई में और अधिक पारदर्शिता, प्रभावशीलता व त्वरित सेवा सुनिश्चित करना शामिल था।

---

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने पार्टी का पटका पहनाया

# कांग्रेस को लगा झटका, युवा नेता समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

पूर्व मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने सभी साथियों को पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला। भाजपा में शामिल हुए कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता व समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों में विश्वास रखते हुए कांग्रेस पार्टी के युवा नेता मुकेश शर्मा व अपने साथियों व मातृ शक्ति के साथ भाजपा में शामिल हो गए। पूर्व मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने सभी साथियों को पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्हें विश्वास दिलाया कि उनका पार्टी में पूरा मान-सम्मान किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ताताओं को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं।

पूर्व मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने इस मौके पर यह भी कहा कि मुकेश शर्मा बहुत ही जुझारू युवा कार्यकर्ता है । उनका व उनकी टीम में शामिल सदस्यों के बीजेपी में शामिल होने से परिवार बढ़ा है। पार्टी को मजबूती मिलेगी और उनका मानना है कि उनके आने से पूरा कांशीनगर का बूथ शत प्रतिशत बीजेपी मय हो गया है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि पूरा देश, प्रदेश , जिला कांग्रेस मुक्त अभियान की ओर चल पड़ा है। दिन-प्रतिदिन अन्य पार्टियों के कार्यकर्ता पार्टी को छोडक़र बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। गोयल ने इस मौके पर यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व्यक्तित्व के धनी हैं। प्रदेश के पौने तीन करोड़ लोगों को उन्होंने अपना परिवार माना है। पूरे प्रदेश में आज विकास कार्यों की ब्यार बह रही है।

युवा नेता मुकेश शर्मा ने ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों में आस्था रखते हुए वे अपने अनेकों साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला के नेतृत्व में अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र में निरंतरता में कार्य हो रहे हैं। शर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव खत्म होने के अगले ही दिन असीम गोयल अपने क्षेत्र की जनता के बीच थे। हमने ऐसे नेता भी देखे जो साढ़े चार साल दिल्ली और चंडीगढ़ रहते थे।

### पूर्व मंत्री ने शिकायतों का किया समाधान

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस मौके पर अपने आवास पर जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया। यहां पर आए प्रार्थियों ने पानी निकासी बारे, बुढापा पेंशन लगवाने बारे, बिजली बिल व विकास कार्यों से संबंधित अपनी बात रखी। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि सभी लोगों की समस्याओं का तत्परता से समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अमन सूद, मंडल अध्यक्ष गुरविंद्र सिंह मानकपुर, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा, भाजपा पदाधिकारी हितेष जैन, बीनू गर्ग, मनीष आनंद मन्नी, राजेश मेहता, संजीव गोयल टोनी,जसविंदर सिंह, के साथ-साथ अन्य पदाधिकारीगण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### निराश, हताश दिखाकर वोट मांगती है कांग्रेस

जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल पत्रकारों से रूबरू हुए। इस दौरान पत्रकारों द्वारा /"कांग्रेस देश भर में वोट चोर गद्दी छोड़ नाम से यात्रा निकाल रहे है और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की बात भी कही जा रही है/" के सवाल पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी का वर्किंग स्टाइल ऐसा ही है। ये कभी सेना ,कभी ईडी, कभी केंद्र सरकार और अब सीधे चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे है। ये चुनावों में खुद को निराश हताश दिखा कर वोट मांगते है। लेकिन जनता अब जागरूक है इन्हें वोट नहीं देने वाली। पत्रकारों द्वारा जेल से इलेक्शन न लड़ने वाला विधेयक पास हुआ है के सवाल पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि यह बढ़यि है जनता भी यही चाहती है। कोई भी पीएम या सीएम है वो कोर्ट से पाक साफ होकर आए। अपना पद संभाले। अगर उसे 30 दिन की जेल होती है तो उसे पद पर नहीं रहना चाहिए। जेल से सरकार चले ये ठीक नही। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर कोई हमला नहीं हुआ, सब नाटक है यह बात आम आदमी पार्टी के एक विधायक ने कही है। इस सवाल पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने आप को निशाने पर लिया और कहा आप ने कभी महिलाओं का और लोकतंत्र का सम्मान नहीं किया। दिल्ली की सीएम पर हमला निंदनीय है।

---


बराड़ा। खिलाड़ियों से मिलते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।

# लड़कों की अंडर-14 कबड्डी स्पर्धा में बराड़ा की टीम बनी चैंपियन

- डीईईओ सुधीर कालड़ा की मौजूदगी में खेला गया फाइनल मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अंबाला छावनी के राजकीय उच्च विद्यालय मिलिट्री डेयरी फार्म में वीरवार को जिला स्तरीय अंडर-14 कबड्डी (लड़के) प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में बराड़ा और नारायणगढ़ की टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।

बराड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नारायणगढ़ को 24 अंकों से हराकर जिला चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के खेल मैदान और प्रबंधन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि किसी सरकारी विद्यालय में खेल मैदान का ऐसा रख-रखाव और अनुशासन वास्तव में प्रशंसनीय है। उन्होंने इसके लिए विद्यालय प्रभारी अमरीक सिंह, डीपीई डॉ. जयकुमार और पूरे स्टाफ की सराहना की।

### ये रहे मौजूद

*कार्यक्रम में एईईओ (अतिरिक्त कार्यभार) साहिल सचदेवा, जिला खेल सचिव (लड़के) राजेंद्र सिंह (जिंदू), जिला खेल सचिव (लड़कियां) राजीव, नितिन सभरवाल, रमनजीत सिंह, राजकुमार, कन्वीनर सेठी लाल, यादवेंद्र सिंह (पीजीटी), प्रदीप कुमार (डीपीई), अशोक कुमार (डीपीई), अनिल कुमार दहिया, हरीश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।*

---

# कराटे में बेटियों ने दिखाया दम

- शिक्षा के साथ खेल के मैदान में भी बुलंदी के झंडे गाड़ रहे हैं मैवेरिक्स इंटरनेशनल स्कूल के छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना


मुलाना। कराटे प्रतियोगिता में बाजी मारने वाली छात्राएं।

शिक्षा और खेलों के संगम का शानदार उदाहरण पेश करते हुए मैवेरिक्स इंटरनेशनल स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने ज़िला स्तरीय एसजीएफआई. खेल प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

करारटे प्रतियोगिता में स्कूल की बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करके सभी को प्रभावित किया। यशमीत कौर (कक्षा 6, भार वर्ग – 34 किग्रा), नेहा (कक्षा 6, भार वर्ग – 42 किग्रा) और वृंदा (कक्षा 7, भार वर्ग – 50 किग्रा) ने अपनी उत्कृष्टता से जीत दर्ज की। शूटिंग प्रतियोगिता में काशवी (कक्षा 7) ने शानदार निशानेबाजी से सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।इन खेलों में सभी विद्यार्थियों ने पहला स्थान हासिल किया। विद्यालय के चेयरमैन रमेश चौहान और प्रधानाचार्या डॉ. सुमन पाहवा ने इन नन्हें प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि हम कामना करते है कि यह सभी विद्यार्थी भविष्य के लिए सुनहरे सपनों की ओर कदम बढ़ाए। उन्होंने कहा कि /"हमें अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व है। यह नन्हें सितारे आने वाले समय में निश्चित ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता अर्जित कर देश व समाज का नाम रोशन करेंगे।

### गैरकानूनी तरीके से रेस्तंरा के अंदर व बाहर छलक रहे थे जाम

**साहा।** तेपला गांव के निकट मोहन मुर्गे वाला रेस्तरां पर देर रात को पुलिस ने रेड की। रेस्तरां के भीतर व बाहर सरेआम जाम छलक रहे थे। लोग बेखौफ होकर यहां शराब का सेवन कर रहे थे। संचालक से जब पुलिस ने शराब पिलाने की अनुमति से संबंधित लाइसेंस मांगा तो वह नहीं दिखा पाया। पुलिस ने रेस्तरां संचालक कैंट के सुंदर नगर के कपिल वैद पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वीडियोग्राफी कर पुलिस ने बोतलें व अन्य सामान किया जब्त किया है। जांच अधिकारी नवीन ने बताया कि सूचना मिली थी कि रेस्तरां का मालिक बिना परमिट व लाइसेंस के लोगों को बैठाकर शराब पिलाता है।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने का प्रयास कर रही मोदी सरकार

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने संविधान संशोधन विधेयक 130 को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर किया कड़ा वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


एडवोकेट रोहित जैन।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने संविधान संशोधन विधेयक 130 को लेकर केंद्र सरकार पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने के प्रयास करने के आरोप लगाए हैं।

सरकार की मंशा पर कड़ा प्रहार करते हुए जैन ने कहा कि केंद्र सरकार संघीय ढांचे को धवस्त करने पर तुली हैं। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के मामले में एक्सपोज होने के बाद मोदी सरकार खुद के बचाव में ऐसे विधेयक पारित कर खुद को बचाने का प्रयास कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के मामले को कांग्रेस दबने नहीं देगी।

उन्होंने कहा कि जिस तरह बिहार में राहुल गांधी कि यात्रा को जनता का समर्थन मिल रहा है उससे साफ हैं कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने जा रहा है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस कि पदयात्रा से केंद्र व राज्य की नीतिश सरकार बोखलाई हुई हैं। सत्ता के जाने के डर से अब संविधान संशोधन विधेयक 130 पारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के जरिए भाजपा कि केंद्र सरकार गैर भाजपाई सरकारों को अपनी कठपुतली बनाना चाहती हैं। खुद की सत्ता बचाने के लिए भाजपा इस विधेयक का गैर कानूनी तरीके से इस्तेमाल करना चाहती है। जैन ने कहा कि भाजपा यह भूल रहीं हैं कि लोकतंत्र किसी एक पार्टी की बपौती नहीं है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मिले अधिकारों पर सभी दलों को एक समान अधिकार है।

## शिक्षा विभाग की नीतियों से खफा प्राथमिक शिक्षक, पुरजोर विरोध किया ऐलान



- इंदिरा पार्क में बनी विरोधी की रणनीति, कई मुद्दों पर विभाग की कार्यशैली पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक अंबाला छावनी के इंदिरा पार्क में जिला प्रधान मदनलाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। महासचिव प्रकाश चंद्र गिल ने बताया कि बैठक में प्राथमिक अध्यापकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें गैर शैक्षणिक कार्यों, ट्रांसफर ड्राइव चलाने में देरी , जिले में जेबीटी अध्यापकों की कमी व 2017 बैच के जेबीटी अध्यापकों को एसीपी का लाभ समय पर न मिलने का पुरजोर विरोध किया गया। यह निर्णय लिया गया कि यदि शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं रहती है तो संगठन खंड, जिला व राज्य स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेगा।

# गर्वनमेंट पीजी कॉलेज में लगाए स्वास्थ्य जांच शिविर में 250 छात्रों की हुई जांच

- शिक्षकों के साथ दूसरे स्टाफ सदस्यों ने भी करवाया नि:शुल्क चेकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। शिविर के दौरान चिकित्सकों को सम्मानित करते प्राचार्य।

अंबाला छावनी के राजकीय पीजी कॉलेज में निजी अस्पताल द्वारा एक बहु-विशिष्टता निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के आईक्यूएसी और नेशनल सर्विस स्कीम द्वारा किया गया था ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. देशराज बावजा ने कहा कि स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्देश्य छात्रों और फैकल्टी के स्वास्थ्य की जांच करना और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना है।

शिविर के संचालक डॉ. अजय चौहान, डॉ. शगुन आहूजा, डॉ. रजनी सैनी, डॉ. रणदीप सिंह, डॉ. पूनम धीमान और डॉ. ओमवीर ने बताया कि शिविर में लगभग 250 छात्रों और फैकल्टी ने स्वास्थ्य जांच करवाई। डॉ. देशराज बावजा ने कहा कि राजकीय पीजी कॉलेज अम्बाला कैंट छात्रों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिविर से छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी मिलती है और वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं।

# गोगा जोहरवीर की समाधि पर लगा अनोखा मेला

- हजारों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना


मुलाना। गोगा जाहरवीर की समाधि पर मत्था टेकते श्रद्धालु।

गांव डुलियाना में भादो की त्रोसदी में गोगा जाहरवीर की समाधि स्थल पर हर साल की तरह इस बार भी अनोखा मेला आयोजित किया गया। यह मेला किसी सामान्य मेले की तरह झूले-मनोरंजन वाला नहीं, बल्कि हजारों लोगों की आस्था और श्रद्धा प्राप्ति की अनोखी परंपरा का प्रतीक है। इस मेले में इस बार करीब कई हजारों श्रद्धालु पहुंचे। यह मेला ग्रामीण लोगो की आस्था का मुख्य केंद्र है। यह मेला हमारे समाज की आस्था, संस्कृति और परंपराओं का अद्भुत संगम है, जहां दूर-दूर से आए श्रद्धालु व ग्रामीण बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लेते हैं। मेले में श्रद्धालुओं ने गोगा महाराज के दरबार में मत्था टेका और मंगलकामनाएं प्राप्त कीं। कुश्ती दंगल में पहलवानों ने अपने दमखम और कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया जिससे गांव का माहौल जोश और उत्साह से भर गया।

# लायंस क्लब अंबाला सॉलिटेयर की ओर से बुजुर्गों को बांटा गया खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। बुजुर्गों को खाना खिलाते लायंस क्लब अंबाला सॉलिटेयर के पदाधिकारी।

लायंस क्लब अंबाला सॉलिटेयर की ओर से वीरवार को अंबाला शहर के वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों की सेवा की। इस दौरान क्लब के प्रधान राजीव जैन की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारी ने बुजुर्गों को खाना बांटा ।साथ ही उनके साथ काफी समय बिता कर उनका हालचाल जाना।। यहां अपने संबोधन में क्लब के प्रधान राजीव जैन ने कहा कि बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं। पर दुख की बात है कि इस की कोई परिवार कीमत नहीं समझ रहा। उन्होंने कहा कि बदले हालात में बुजुर्गों का जीवन बेहद कष्टदायी हो गया है। मजबूरी में उन्हें अपनों से दूर हो कर एकांत में अपना जीवन जीना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि हमेशा अपने बुजुर्गों की सेवा करें। उन्हें कभी अपने से दूर न होने दें। मौके पर राजन मेहंदीरता, मीनाक्षी जैन, सविता मेहंदीरता ,अंजू जैन, रवा मिच्रा ,खुश जैन, लविषा मेंहदीरत्ता भी मौजूद रही।

राज्य सरकार व अधिकारियों से एलडीसी को तुरंत बहाल करने की मांग

# एलडीसी के सस्पेंशन के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



बिजली निगम में कार्यरत एलडीए गुरविंदर को सस्पेंड किए जाने के विरोध में अब सब डिवीजन के कर्मचारी भी उतर आए हैं। वीरवार को हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स यूनियन के सदस्यों ने प्रमोद राणा की अध्यक्षता में चौथे दिन भी बिजली कार्यालय के प्रांगण में दो घण्टे तक गेट मीटिंग कर रोष प्रदर्शन किया।कर्मचारियों ने कहा कि गुरविंदर की सस्पेंशन गलत है। जब तक उसे बहाल नही किया जाता तब तक इसी तरह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह गेट मीटिंग सर्कल सेकेट्री अंबाला के दिशा निर्देशों के अनुसार अंबाला कैंट यूनिट के अधीन उपमंडल कार्यालय सब डिवीजन नंबर 2 में तैनात गुरविंदर एलडीसी को एससीएचआर व अन्य शीर्ष अधिकारियों द्वारा किए गए गलत निलंबन के विरोध में की गई है। सब यूनिट में कर्मचारियों द्वारा लगातार पिछले एक महीने से विरोध चल रहा है परंतु अधिकारियों व सरकार के तरफ से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया अभी तक नहीं आई है। इसी कड़ी में सर्कल सचिव के आदेशानुसार इस गलत कार्रवाई का विरोध अब पूरे अंबाला सर्कल के अधीन आने वाले अंबाला कैंट,अंबाला शहर व नारायणगढ़ के बिजली कार्यालय पर भी गेट मीटिंग करके इसका विरोध शुरू कर दिया गया है। शहजादपुर सब यूनिट द्वारा भी इस गलत कार्यवाही का विरोध प्रतिदिन 2 घंटे की गेट मीटिंग करके अगले आदेशों तक शहजादपुर पर सब डिवीजन के प्रांगण में किया जा रहा है। रोष प्रदर्शन को यूनिट व सब यूनिट अधिकारियों द्वारा संबोधित किया गया व अधिकारियों की इस गलत कार्रवाई की पुरजोर निंदा की गई। अधिकारियों को चेताया गया कि यदि जल्द ही गुरविंदर सिंह एलडीसी की बहाली नहीं की जाती है तो रोष प्रदर्शन को और तेज किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके सुशील कुमार सेक्रेटरी यूनिट कैशियर , सप्टर सिंह, रमाशंकर सीए , यूनियन संगठनकर्ता शेखर सिंह चौहान, मनप्रीत सिंह, हुकुमचंद शर्मा, मनीष कुमार, नवीन कुमार, कुलदीप रंगा, जेई , फोरमैन व अन्य सभी कर्मचारी साथी मौजूद रहे।